भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं., जोरहाट में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया

भा.वा.अ.शि.प.-वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट (असम) में 15 अगस्त, 2023 को 77वां स्वतंत्रता दिवस उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। संस्थान के निदेशक डॉ. आर. के. बोरा द्वारा संस्थान के प्रांगण में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। वैज्ञानिकों, अधिकारियों, सहायक कर्मचारियों, अनुसचिवीय कर्मचारियों, अनुसंधान अध्येताओं, छात्रों और परिवार के सदस्यों, बच्चों, अतिथियों आदि ने समारोह में भाग लिया। संस्थान के होम गार्ड जवानों ने मार्च पास्ट किया और सलामी दी।

डॉ. बोरा ने सभा को संबोधित किया और इस शुभ अवसर पर सभी को बधाई दी। उन्होंने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के सभी स्वतंत्रता सेनानियों को अपनी समृद्ध श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके योगदान को याद किया।

इस अवसर पर अधिकारियों और परिवार के सदस्यों द्वारा देशभक्ति कविताएँ पढ़ी गईं और गीत गाए गए।

इस अवसर पर औषधीय एवं सुगंधित पौधों का रोपण किया गया।

व.व.अ.सं. परिवार के सभी सदस्यों के बीच चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

GLIMPSES OF THE CELEBRATION INDEPENDENCE DAY

भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं., जोरहाट में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया | 2023

भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं., जोरहाट में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया | 2023

भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं., जोरहाट में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया 2023